हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
9 मई 2024, समय 1810

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से कुछ ही देर में राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- हरियाणा में नामांकन पत्र वापिस लेने के अंतिम दिन लोकसभा चुनाव के लिए कुल 223 उम्मीदवार चुनाव मैदान में, आज 16 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापिस लिये।
- हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा। कांग्रेस द्वारा प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने की मांग की जायेगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज महाराणा प्रताप की जयंती पर करनाल में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि जरूरत पड़ी तो वो फिर से विश्वास मत हासिल करेंगे।

.................................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से कुछ ही देर में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। पद्म पुरस्कार – देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं। इसमें तीन श्रेणियों में – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सम्मान प्रदान किये जाते हैं।

काबिले गौर है कि पिछले महीने 22 अप्रैल को राष्ट्रपति ने तीन पद्म विभूषण, आठ पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये थे।

.................................................................

हरियाणा में नामांकन वापिस लेने के अंतिम दिन लोकसभा चुनाव के लिए कुल 223 उम्मीदवार चुनाव में रह गए हैं जबकि करनाल विधानसभा क्षेत्र के लिए 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि आज कुरूक्षेत्र, गुरूग्राम और सोनीपत में तीन-तीन, करनाल में 2 और अंबाला, सिरसा, रोहतक एवं फरीदाबाद में एक-एक नामांकन पत्र वापस लिया गया जबकि भिवानी महेंद्रगढ़ में एक भी उम्मीदवार ने नामांकन वापिस नहीं लिया।

वहीं करनाल विधानसभा क्षेत्र के लिए एक उम्मीदवार ने नामांकन वापिस लिया है। इस तरह अब लोकसभा चुनाव के लिए अंबाला में 14, कुरूक्षेत्र में 31, सिरसा में 19, हिसार में 28, करनाल में 19, सोनीपत में 22, रोहतक में 26, भिवानी महेंद्रगढ़ में 17, गुरूग्राम में 23 और फरीदाबाद में 24 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों के लिए 297 उम्मीदवारों ने 370 नामांकन पत्र दाखिल किये थे। जांच के बाद 239 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र स्वीकार किये गए थे और 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र वापस लिये जाने के बाद 223 उम्मीदवार रह गए हैं।

................................................................

हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिख कर कल 10 मई को मिलने का समय मांगा है।

राज्यपाल को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद, चीफ व्हीप बी बी बत्रा और अन्य कांग्रेस नेता राज्यपाल से मिलकर प्रदेश की मौजूदा रानीतिक स्थिति के संबंध में एक ज्ञापन सौंपला चाहते हें।

कांग्रेस के सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह नेता प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने और जल्द विधानसभा चुनाव कराये जाने की मांग करेंगे।

................................................................

हरियाणा में बढ़ते तापमान के साथ चुनावी प्रचार का पारा भी ऊपर को जा रहा है।

विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्रीनायब सिंह सैनी ने कहा है कि इस महीने की 11 तारीख के बाद केंद्रीय नेताओं की जनसभाएं शुरू हो जायेंगी।

आज पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने पानीपत के गांव ददलाना से असानकलां तक रोड शो किया। बीजेपी नेता महिपाल ढांडा भी उनके साथ रहे।

वहीं फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने होडल के गांव मित्रोल एवं औरंगाबाद में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान होडल से विधायक जगदीश नायर ने लोगों से बीजेपी प्रत्याशी के हक में वोट देने की अपील की।

उधर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया के साथ पृथला क्षेत्र के गांव दुधौला, सिकंदरपुर, भुर्जा, नंगला भीकू और फिरोज़पुर सहित कई गांव में चुनाव प्रचार किया।

................................................................

हरियाणा विधानसभा के अयध्क्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल सुबह बीजेपी प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में पेचकूला में रोड शो करेंगे।

रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहेंगे। श्री गुप्ता ने पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत में रोड शो पंचकूला के सेक्टर 7 के डीसी मॉडल स्कूल से शुरू होगा और सेक्टर 7-8 के लाइट प्वांइट पर संपन्न होगा।

उन्होंने कहा कि इस रोड शो से श्रीमती बंतो कटरिया के चुनाव प्रचार अभियान को और गति मिलेगा और यह कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा और नया भरने का काम करेगा।

...............................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज महाराणा प्रताप जयंती पर करनाल में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप एक उच्च कोटि के देशभक्त और न्याय प्रिय शासक थे। आज सभी को उनके दिखाये रास्ते पर चलने की जरूरत है। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और विपक्षी दलों द्वारा सरकार गिराने संबंधी दिये वक्तव्यों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर कहा कि सब सपने देख रहे हैं। जनता उन्हें नकार चुकी है और वे सत्ता में आने वाले नहीं है।

सरकार के अल्पमत में होने की बात करने वालों के वक्तव्यों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री सैनी ने कहा कि उनके पास पूरे विधायक हैं। उन्होंने विश्वास मत हासिल किया है और जब दोबारा विश्वास मत की बात आयेगी तो वे फिर से विश्वास मत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न कोई नीति है न नेता है और न कोई विज़िन है। सरपंचों की नाराज़गी बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि उनसे नाराज़ नहीं है और कल ही 30 सरपंच भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं।

...............................................................

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जननायक जनता पार्टी द्वारा राज्यपाल को सरकार के अल्पमत में होने को लेकर पत्र लिखे जाने व राष्ट्रपति शासन की मांग किए जाने के मुद्दे पर कहा कि अब कांग्रेस पार्टी भी अपना प्रतिनिधि मंडल लेकर राज्यपाल से मिलेगी।

श्री हुड्डा आज भिवानी में कांग्रेस उम्मीदवार राव दान सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 30 के 30 विधायक एकजुट है और सरकार 3 निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद अल्पमत में आ गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 88 विधायकों में से 45 विधायक सरकार के पक्ष में नहीं है। ऐसे में सरकार को बने रहने का अधिकार नहीं है।

सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी शैलेजा के पक्ष में प्रचार करने के मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर श्री हुड्डा ने कहा कि यदि वे बुलाती है तो वे प्रचार के लिए जरूर जाएंगे।

किरण चौधरी की नाराजगी व कार्यक्रम में किरण चौधरी के शामिल ना होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पूरा बंसीलाल परिवार उनके साथ है।

...............................................................

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने  विपक्षी पार्टियों के नेताओं द्वारा  राज्यपाल से बहुमत साबित करवाने की मांग करने संबंधी सवाल पर कहा कि विपक्षी पार्टियों का गणित उनके गणित से काफी दूर है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास 33 विधायक है और कांग्रेस व जननायक जनता पार्टी के कई विधायक उनके संपर्क में है और विपक्ष का आंकड़ा और नीचे जा सकता है।

..............................................................

पलवल पुलिस ने आज 3 अलग-अलग मामलों में करीब 15 लाख रुपए की कीमत की अवैध देसी एवं अंग्रेजी शराब की 244 पेटियों सहित 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पलवल पुलिस की अपराध शाखा के प्रभारी उमर मोहम्मद ने बताया कि यह शराब गांव बढ़ा पलवल मोड़ और गदपुरी में नाकों के दौरान बरामद हुई।

..............................................................